प्रभावित लोगों के हितों का रखा जाएगा ध्यान : सीएम

27 510 हेक्टेयर भूमि में होगी सिंचाई परियोजनाओं से

मुद्दों के निराकरण के लिए राज्य स्तरीय समिति का गठन

भोपाल, 3 मई. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि पन्ना जिले में निर्माणाधीन मझगांय एवं रुंज मध्यम सिंचाई परियोजना से प्रभावित होने वाले ग्रामीणजनों के हितों का पूरा ध्यान रखा जाएगा. ये दोनों परियोजनाएं क्षेत्र के लिए वरदान साबित होंगी.इन परियोजनाओं के पूर्ण हो जाने पर पन्ना जिले के अजयगढ़ विकासखंड के 86 गांवों 27510 हैक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई का लाभ मिलेगा.साथ ही पेयजल एवं औद्योगिक प्रयोजन के लिए लगभग 39.56 मिलियन घन मीटर पानी प्राप्त होगा.इससे क्षेत्र के लगभग 45 हजार किसान परिवार लाभान्वित होंगे.

इन परियोजनाओं के डूब से प्रभावितों से चर्चा कर विस्थापन, भू-अर्जन एवं परिसंपत्तियों से जुड़े विभिन्न मुद्दों के निराकरण के लिए राज्य सरकार द्वारा राज्य स्तरीय समिति गठित की गई है, जो उनके विभिन्न मुद्दों पर प्रभावितों से चर्चा

करेगी और उनके हित में शासन को प्रतिवेदन देगी.गठित समिति में अध्यक्ष संभाग आयुक्त सागर, सदस्य प्रमुख अभियंता जल संसाधन, भोपाल और मुख्य अभियंता धसान-केन कछार जल संसाधन, सागर हैं.समिति 5 दिनों में प्रभावितों से विस्थापन, भू-अर्जन एवं परिसंपत्तियों से जुड़े विभिन्न मुद्दों की जांच कर एवं विस्थापितों से चर्चा उपरांत वस्तु स्थितिपरक प्रतिवेदन शासन को सौंपेगी.उल्लेखनीय है कि पन्ना जिले में इस परियोजना का कार्य निर्माण के अंतिम चरण में है.वर्तमान में इसके नाला क्लोजर का कार्य किया जा रहा है, जिसे वर्षा काल के पहले पूर्ण किया जाना है।

रुंज मध्यम सिंचाई परियोजना

रुंज मध्यम सिंचाई परियोजना अंतर्गत भूमि एवं उस पर स्थित परिसंपत्तियों के प्रभावित ग्राम विश्रामगंज एवं भुजबई हैं .उक्त प्रभावित ग्रामों के मूल एवं पूरक अवार्ड पारित किए गए हैं, जिसमें कुल 710 खातेदारों को भुगतान योग्य 44 करोड़ 23 लाख 58 हजार 951 रूपए मात्र की राशि स्वीकृत कर 43 करोड़ 86 लाख 63 हजार 205 रूपए राशि का वितरण किया जा चुका है, 36 लाख 95 हजार 746 रूपए मात्र का भुगतान शेष है. रूंज मध्यम सिंचाई परियोजना अंतर्गत पुनर्वास एवं पुनर्व्यवस्थापन के तहत प्रभावित ग्राम विश्रामगंज है .प्रभावित ग्राम के विस्थापन हेतु शासन द्वारा निर्धारित 5 अक्टूबर 2018 कट ऑफ दिनांक से प्रारंभिक सूची अनुसार 670 परिवारों का चयन कर पात्र 670 परिवारों को एकमुश्त पुर्नवास अनुदान राशि 5 लाख प्रति परिवार के मान से 33 करोड़ 50 लाख रूपए राशि की स्वीकृति उपरांत पूर्ण भुगतान किया जा चुका है.

मझगांय मध्यम सिंचाई परियोजना

मझगांय मध्यम सिंचाई परियोजना अंतर्गत भूमि एवं उस पर स्थित परिसंपत्तियों के प्रभावित ग्राम मझगांय, बालूपुर, बनहरीकला, कुंवरपुर, हनुमतपुर, बरियारपुर भूमियान, डुंगरहो एवं सब्दुआ हैं .उक्त प्रभावित ग्रामों के 21 मूल एवं पूरक अवार्ड पारित किए गए हैं, जिसमें 1657 खातेदारों को भुगतान योग्य कुल 1 अरब 91 करोड़ 86 लाख 80 हजार 929 रूपए की राशि स्वीकृत कर मुआवजा वितरित किया जा चुका है. मात्र विवादित खातेदारों की राशि वितरण हेतु शेष है. प्रभावित ग्रामों के विस्थापन हेतु अपर सचिव जल संसाधन विभाग द्वारा निर्धारित 1 जुलाई 2018 कट ऑफ दिनांक से प्रारंभिक सूची अनुसार कुल 1935 परिवारों का चयन कर पात्र 660 परिवारों को एकमुश्त पुनर्वास अनुदान राशि 5 लाख प्रति परिवार के मान से 33 करोड़ रुपए स्वीकृत कर पूर्ण भुगतान किया जा चुका है.

महू में विद्यार्थियों को प्लेसमेंट प्रमाण-पत्र किए वितरित

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि राज्य शासन स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयास कर रही है. राज्य में 10 हजार स्टार्टअप धारकों ने अपना पंजीयन कराया है. स्टार्टअप शुरू करने वालों को राज्य सरकार प्रतिमाह स्टाइफंड भी दे रही है. प्रदेश में चारों ओर उद्योगों का फैलाव हो, इसके लिए लगातार नवाचार किए जा रहे हैं. बाहर की कम्पनियों को निवेश के लिए औद्योगिक समिट के माध्यम से प्रोत्साहित किया जा रहा है, जिससे युवाओं को रोजगार मिले और प्रदेश विकास के पथ पर तेजी से आगे बढ़ता रहे. मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को इंदौर जिले के महू में एक निजी कॉलेज में आयोजित प्लेसमेंट प्रोग्राम में युवाओं को संबोधित कर रहे थे. मुख्यमंत्री ने कॉलेज के उन युवाओं को प्लेसमेंट के प्रमाण-पत्र वितरित किए, जिनका प्लेसमेंट विभिन्न कम्पनियों में हुआ. कार्यक्रम में जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, विधायक उषा ठाकुर, कॉलेज के सेक्रेटरी सुनील बंसल और शरद त्रिवेदी उपस्थित थे.

सड़कों के रख-रखाव में कोताही बर्दाश्त नहीं होगी

ऊर्जा मंत्री तोमर ने अफसरों को दी हिदायत

भोपाल, 3 मई. ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने रविवार को उप नगर ग्वालियर में विभिन्न गली-मोहल्लों की सफाई, सीवर, स्ट्रीट लाइट, कचरा प्रबंधन तथा अन्य समस्याओं के निराकरण के लिए स्थल निरीक्षण किया.

इस दौरान उन्होंने स्वच्छता, स्वास्थ्य और जनसुविधा से जुड़ी क्षेत्रवासियों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना तथा संबंधित अधिकारियों को शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण सुधार कार्य सुनिश्चित करने के स्पष्ट निर्देश दिए. उन्होंने हिदायत दी कि सीवर की सफाई, कचरा संग्रहण और सड़कों के रखरखाव के कार्य में किसी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाए, लापरवाही बरतने वाले अधिकारी-कर्मचारियों के खिलाफ कठोर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाए. तोमर ने आमजन की सीवर, पानी, बिजली तथा सड़क से सम्बन्धित समस्याओं का निराकरण करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया किमूलभूत सुविधाओ में जो कमी है, उसको तुरंत दुरस्त करें.

40 एमवीए क्षमता का ट्रांसफार्मर स्थापित

मध्यप्रदेश पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) ने बड़वानी जिले की ट्रांसमिशन नेटवर्क को सुदृढ़ता प्रदान करते हुए 220 केवी सब स्टेशन जुलवानिया में 40 एमवीए क्षमता का पॉवर ट्रांसफार्मर स्थापित कर ऊर्जीकृत किया है. इस ट्रांसफार्मर के ऊर्जीकृत होने से बड़वानी जिले की ट्रांसफार्मेसन कैपेसिटी बढ़कर 2642 एमवीए की हो गई है, वही जुलवानिया सब स्टेशन की क्षमता बढ़कर 423 एमवीए की हो गई है.

मिसरोद और बरखेड़ा पठानी में बनेंगी पानी की टंकियां

भोपाल, 3 मई.पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कृष्णा गौर ने रविवार को गोविंदपुरा क्षेत्र में पेयजल व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए 2 पानी की टंकियों के निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया.

मिसरोद स्थित फॉर्च्यून डिवाइन सिटी के पास 2.5 लाख लीटर क्षमता तथा प्रताप नगर, बरखेड़ा पठानी के पास 2 लाख लीटर क्षमता की पानी की टंकियों की स्थापना होगी. 2 करोड़ 70 लाख रुपए की लागत से इन टंकियों का निर्माण कार्य किया जाएगा. राज्यमंत्री कृष्णा गौर ने कहा कि इससे क्षेत्रवासियों को नर्मदा जल की नियमित आपूर्ति हो सकेगी. उन्होंने कहा कि अमृत फेस-2 योजना के अंतर्गत क्षेत्र में कुल 18 टंकियों का निर्माण प्रस्तावित है, जिससे भविष्य में जल संकट की समस्या से राहत मिलेगी. उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्य 18 माह के भीतर गुणवत्ता के साथ पूर्ण किया जाए. कार्यक्रम में मोनिका ठाकुर, रामबाबू पाटीदार, प्रताप वारे, जितेंद्र शुक्ला, भागीरथ पाटीदार, नीरज सिंह, प्रताप सिंह बेस, सरिता सिंह सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे.

अचारपुरा में भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा निकली

भोपाल, 3 मई. अचारपुरा में रविवार को भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा निकाली गई. इसके साथ ही रामलीला का समापन हुआ. विक्रम मीना, मोहन मीना ने बताया कि मीना समाज मेला ट्रस्ट कमेटी ग्राम अचारपुरा में 400 साल पुराने मंदिर से भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा निकाली गई. इसके साथ ही 78 वां मेला और रामलीला का समापन हुआ. इस दौरान 32 फ़ीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन किया गया.

युवाओं को सिनेमा की गहराई समझना जरूरी

सिनेकारी उत्सव में प्रसिद्ध सिनेमैटाग्राफर राजेंद्र जांगले ने कहा

भोपाल 3 मई .आलियांस फ्रांसेस परिसर में आयोजित दो दिवसीय 'सिनेकारी' उत्सव के दूसरे दिन रविवार को 'सिनेमा स्पीक्स' सत्र में सिनेमा की कला, तकनीक और विचारों पर गहन चर्चा हुई. कार्यक्रम में ख्यात सिनेमैटोग्राफर राजेंद्र जांगले और कवि-चिंतक उदयन वाजपेयी ने अपने अनुभव साझा किए, वहीं शहर के युवा फिल्मकारों की फिल्मों का प्रदर्शन भी हुआ.

कार्यक्रम में राजेंद्र जांगले ने अपनी 40 वर्षों की सिनेमाई यात्रा के अनुभव साझा करते हुए कैमरा, लाइट और एडिटिंग की बारीकियों पर विस्तार से बात की.

उन्होंने कहा कि आज की युवा पीढ़ी तकनीक तो जानती है, लेकिन सिनेमा की गहराई को समझना जरूरी है. उन्होंने यह भी माना कि कम संसाधनों में काम करना चुनौतीपूर्ण होता है, लेकिन स्थानीय प्रतिभाओं के साथ बेहतर काम किया जा सकता है.

वहीं उदयन वाजपेयी ने सिनेमा को अन्य कलाओं से अलग बताते हुए कहा कि सिनेमा समय को दर्ज करने वाला अनोखा माध्यम है. उन्होंने रोबर ब्रैसो, हिच्कोफ़ व रामानन्द सागर जैसे डायरेक्टर्स के उदाहरणों के जरिए बताया कि सिनेमा में अभिनय से ज्यादा प्रस्तुति और दृष्टि महत्वपूर्ण होती है. 'ब्रिंग योर ओन फिल्म' सत्र में भोपाल के फिल्मकारों की फिल्मों का प्रदर्शन हुआ, जिसे दर्शकों ने सराहा. आयोजनकर्ता सुदीप सोहनी के अनुसार, यह मंच युवाओं को सीखने और संवाद का अवसर दे रहा है.

10वीं-12वीं के मेधावी छात्रों का किया सम्मान

भोपाल, 3 मई. म. प्र. बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट (90+%) अंक प्राप्त करने वाले छात्र एवं छात्राओं का सम्मान एवं मार्गदर्शन समारोह कांग्रेस नेता मनोज शुक्ला के नेतृत्व में होटल नूर उस सबा में आयोजित किया गया.

समारोह में नरेला के प्रतिभावान छात्र एवं छात्राओं को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया. समोराह के मुख्य अतिथि रिटायर्ड डीजी एनके त्रिपाठी द्वारा छात्र-छात्राओं का मार्गदर्शन दिया गया. विद्यार्थियों ने भविष्य में आने वाली समस्याओं और कठिनाइयों को लेकर त्रिपाठी से सवाल जवाब किए. त्रिपाठी ने कहा कि मेधावी छात्राओं की बढ़ती संख्या देश की प्रगति की गारंटी है.

एक छात्रा के फाइनेंशियल प्रॉब्लम के सवाल पर कहा कि किसी भी परिस्थिति में पैसा शिक्षा में रुकावट पैदा नहीं कर सकता. कांग्रेस नेता मनोज शुक्ला ने कहा की मेधावी छात्र-छात्राओं को शिक्षा संबंधी समस्याओं को दूर करने के लिए अन्य सामाजिक संगठनों एवं राजनीतिक दलों के कार्यकर्ताओं को भी आगे आने की जरूरत है, जिससे देश की प्रगति और उन्नति हो सके. इस अवसर पर सैयद उस्मान अली, अमित खत्री, दीपक दीवान, बृजेन्द्र शुक्ला, आशीष ओझा, अनूप पांडे, आदि मौजूद थे.

कार्यस्थल पर सहज कार्य संस्कृति के दिए टिप्स

मंत्रालय वल्लभ भवन में हुआ अल्पविराम कार्यक्रम

भोपाल, 3 मई. पुलिस कर्मियों को बिना तनाव के आनंदपूर्वक अपनी सेवा देने के उद्देश्य से मंत्रालय वल्लभ भवन, सतपुड़ा एवं विंध्याचल भवन के पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए अल्पविराम प्रशिक्षण कार्यक्रम स्वयं की स्वयं से बात में विशेषज्ञों ने कई टिप्स दिए. निजी जीवन और कार्यस्थल पर सरल कार्य संस्कृति पर विशेष बल दिया गया.

दो दिवसीय कार्यक्रम का रविवार को समापन हुआ. प्रशिक्षण में प्रतिभागी अधिकारियों और कर्मचारियों को निजी जीवन एवं कार्य स्थल पर आनंद के महत्व को बताया गया. जीवन में आंतरिक आनंद के महत्व को बताया गया. सभी ने जीवन के विभिन्न पहलुओं में उत्साह और ऊर्जा के विभिन्न आयामों पर विमर्श किया और कार्य स्थल पर टिप्स को अपनाने पर बल दिया.

इस अवसर पर मंत्रालय के रजिस्ट्रार मनोज श्रीवास्तव, सहायक पुलिस आयुक्त सुरक्षा अविनाश शर्मा, आनंद विभाग के मास्टर ट्रेनर अंजना श्रीवास्तव, मुकेश, अजीत एवं समन्वयक के रूप में आनंद विभाग के मनु दीक्षित भी उपस्थित रहें.

राष्ट्रगीत एवं राष्ट्रगान आज होगा पटेल पार्क में

भोपाल,3 मई.मंत्रालय के सरदार वल्लभ भाई पटेल पार्क में राष्ट्र-गीत 'वंदे मातरम' एवं राष्ट्र-गान 'जन गण मन' का गायन 4 मई को प्रात: 10:15 बजे किया जाएगा. परंपरा अनुसार प्रत्येक माह के प्रथम कार्य दिवस पर राष्ट्र गीत एवं राष्ट्र गान का आयोजन मंत्रालय के पटेल पार्क में किया जाता है. एक से 3 मई तक अवकाश होने के कारण आयोजन 4 मई को होगा.

प्रपत्र-3

कार्यालय थाना प्रभारी थाना मिसरोद नगरीय पुलिस जिला भोपाल

क्रमांक/था.प्र./मिसरोद/भो./डी/52/26 दिनांक 24/4/2026

प्रति,

जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि थाना मिसरोद नगरीय पुलिस भोपाल का मर्ग क्रमांक 26/2026 अज्ञात मृतक पुरुष, जो दिनांक 13/4/2026 को बंगरसिया रोड दीपड़ी जोड़ के आगे रोड में मृतक मिला है. उसका पूरा विवरण इस प्रकार है :- मृतक व्यक्ति- अज्ञात पुरुष, उम्र करीबन- 25 से 30 साल का जो ब्लैक पैंट, हरे रंग की शर्ट पहने है, दाहिने हाथ में कलावा पहना हुआ है. बदन- सामान्य, रंग- सांवला है, जिसका पूरा सिर छत-विछत है, चेहरा पहचानने में नहीं आ रहा है. थाना मिसरोद का दूरभाष नं. 7049104626 एवं जांचकर्ता अधिकारी का नाम सउनि चेतन गुप्ता, मोबाइल नं. 7049105389 एवं थाने का ई-मेल आईडी psmisrod@gmail.com जानकारी मिलने पर सूचना देने का कष्ट करें.

G12363/26 थाना प्रभारी, थाना मिसरोद, भोपाल

एशिया कप के लिए तैयारी कर रहे हैं 84 खिलाड़ी

भोपाल, 3 मई. साई भोपाल में चल रहे अंडर-18 राष्ट्रीय हॉकी कोचिंग कैंप में देशभर से चयनित 84 खिलाड़ी (42 पुरुष व 42 महिला) एशिया कप के लिए अपनी दावेदारी मजबूत करने में जुटे हैं. हॉकी इंडिया द्वारा आयोजित यह कैंप 19 अप्रैल से शुरू हुआ, जिसमें खिलाड़ियों का चयन 16वीं सब-जूनियर नेशनल चैंपियनशिप के प्रदर्शन के आधार पर किया गया हैं. कैंप में फिलहाल सभी खिलाड़ियों का गहन मूल्यांकन किया जा रहा हैं. एक सप्ताह के बाद प्रत्येक वर्ग में 42 खिलाड़ियों की संख्या घटाकर 24 कर दी जाएगी. यही खिलाड़ी आगे के विशेष प्रशिक्षण शिविर में शामिल होकर जापान में 29 मई से 6 जून तक होने वाले अंडर-18 एशिया कप के लिए अंतिम टीम में जगह बनाने की दौड़ में रहेंगे. मैदान पर सुबह-शाम सत्रों में खिलाड़ियों की फिटनेस, बुनियादी तकनीक, पासिंग, डिफेंस और आक्रमण की रणनीतियों पर विशेष फोकस किया जा रहा हैं. पुरुष टीम के कोच सरदार सिंह और रजनीश मिश्रा खिलाड़ियों को आधुनिक हॉकी के अनुरूप तैयार कर रहे हैं, जबकि महिला टीम की जिम्मेदारी रानी रामपाल संभाल रही हैं.

साई भोपाल में अंडर-18 हॉकी प्रशिक्षण शिविर

मप्र के खिलाड़ियों पर नजर

इस कैंप में मध्यप्रदेश के खिलाड़ियों की भी अच्छी मौजूदगी है. पुरुष वर्ग में आयुष राजक (गोलकीपर), अंश बहुत्रा (डिफेंडर), अवि माणिकपुरी (मिडफील्डर), सिद्धार्थ बेन, करण गौतम और गाजी खान (फॉरवर्ड) शामिल हैं. वहीं महिला टीम में महक परिहार (गोलकीपर), शालिनी सिंह (डिफेंडर), स्नेहा दावड़े (मिडफील्डर) और नममी गीता श्री व नौशीन नाज (फॉरवर्ड) अपनी जगह बनाने के लिए मेहनत कर रही हैं. भोपाल में आयोजित यह कैंप भारतीय हॉकी के भविष्य को दिशा देने वाला अहम मंच बनता नजर आ रहा है, जहां से देश को आने वाले वर्षों के नए सितारे मिल सकते हैं.

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग भ/प संभाग राजगढ़

निविदा सूचना क्रमांक 04/निविदा/2026-27 राजगढ़ दिनांक 30/4/2026

निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं. उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है.

स. क्र.	टेंडर नंबर	जिला	कार्य का प्रकार	कार्य का नाम	आमंत्रण क्रमांक	कार्य की अनु. राशि (रु. लाख में)	अमानत राशि	कार्य पूर्ण करने हेतु समयावधि
1.	2026_PWDRB_503692_1	राजगढ़	जल अवरोधी करण कार्य	जल अवरोधीकरण कार्य शासकीय आवासीय भवन उपसंभाग खिलचीपुर	प्रथम	5.00	10000	4 माह वर्षाकाल सहित
2.	2026_PWDRB_503697_1	राजगढ़	जल अवरोधी करण कार्य	जल अवरोधीकरण कार्य शासकीय गैर आवासीय भवन उपसंभाग खिलचीपुर	प्रथम	5.00	10000	4 माह वर्षाकाल सहित
3.	2026_PWDRB_503699_1	राजगढ़	जल अवरोधी करण कार्य	जल अवरोधीकरण कार्य शासकीय आवासीय भवन सेक्शन जीरापुर	प्रथम	3.00	6000	4 माह वर्षाकाल सहित
4.	2026_PWDRB_503703_1	राजगढ़	जल अवरोधी करण कार्य	जल अवरोधीकरण कार्य शासकीय गैर आवासीय भवन सेक्शन जीरापुर	प्रथम	3.00	6000	4 माह वर्षाकाल सहित
5.	2026_PWDRB_503708_1	राजगढ़	जल अवरोधी करण कार्य	जल अवरोधीकरण कार्य शासकीय आवासीय भवन उपसंभाग नरसिंहगढ़	प्रथम	5.00	10000	4 माह वर्षाकाल सहित
6.	2026_PWDRB_503715_1	राजगढ़	जल अवरोधी करण कार्य	जल अवरोधीकरण कार्य शासकीय गैर आवासीय भवन उपसंभाग नरसिंहगढ़	प्रथम	5.00	10000	4 माह वर्षाकाल सहित
7.	2026_PWDRB_503720_1	राजगढ़	जल अवरोधी करण कार्य	जल अवरोधीकरण कार्य शासकीय आवासीय भवन सेक्शन ब्यावरा	प्रथम	5.00	10000	4 माह वर्षाकाल सहित
8.	2026_PWDRB_503721_1	राजगढ़	जल अवरोधी करण कार्य	जल अवरोधीकरण कार्य शासकीय गैर आवासीय भवन सेक्शन ब्यावरा	प्रथम	5.00	10000	4 माह वर्षाकाल सहित
9.	2026_PWDRB_503728_1	राजगढ़	जल अवरोधी करण कार्य	जल अवरोधीकरण कार्य गैर आवासीय भवन उपसंभाग राजगढ़	प्रथम	10.00	10000	6 माह वर्षाकाल सहित
10.	2026_PWDRB_503732_1	राजगढ़	जल अवरोधी करण कार्य	जल अवरोधीकरण कार्य शासकीय आवासीय भवन उपसंभाग सारंगपुर	प्रथम	5.00	10000	4 माह वर्षाकाल सहित
11.	2026_PWDRB_503739_1	राजगढ़	जल अवरोधी करण कार्य	जल अवरोधीकरण कार्य शासकीय गैर आवासीय भवन उपसंभाग सारंगपुर	प्रथम	5.00	10000	4 माह वर्षाकाल सहित
12.	2026_PWDRB_503788_1	राजगढ़	जल अवरोधी करण कार्य	जल अवरोधीकरण कार्य लोक निर्माण विभाग कॉलोनी राजगढ़	प्रथम	5.00	10000	4 माह वर्षाकाल सहित
				योग		61.00		

उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेंडर डॉक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा. निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम दिनांक 18/5/2026 सायं 17.30 बजे निर्धारित है. विस्तृत एनआईटी एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखी जा सकती है. निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जाएगा. पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा. अमानत राशि एवं समस्त दस्तावेज ऑनलाइन स्वीकार किए जाएंगे.

कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग भ/प, संभाग राजगढ़

G12408/26

खंड-I

ई-निविदा आमंत्रण सूचना

मध्यप्रदेश शासन

कार्यालय- कार्यालय पर्यावरण वानिकी वनमंडल भोपाल मध्यप्रदेश

ई-निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 09/ई-टेंडरिंग/2026-27 दिनांक 4/5/2026

1. कार्यालय पर्यावरण वानिकी वनमंडल भोपाल द्वारा म.प्र. भंडार क्रय नियम एवं सेवा उपार्जन नियम 2015 (यथा संशोधित- 2022) के अंतर्गत निम्नलिखित ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैं :-

क्र.	कार्य का नाम	निविदा दस्तावेजों का मूल्य
1.	पर्यावरण वानिकी वन मंडल भोपाल के अंतर्गत समस्त परिक्षेत्रों के वृक्षारोपण क्षेत्रों में पौधों/ वृक्षों की सिंचाई हेतु सिंचाई एवं पानी क्रय हेतु अनुमानित 3000 ली. प्रति टैंकर क्षमता की दरें बावत्	500/-

2. निविदा दस्तावेज से संबंधित सभी विवरण ई-प्रोक्योमेंट पोर्टल पर नि:शुल्क देखे और डाउनलोड किए जा सकते हैं.
3. इच्छुक निविदाकार क्रेडिट/ डेबिट/ कैश कार्ड/ इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से पोर्टल शुल्क का ऑनलाइन भुगतान करने के बाद निविदा दस्तावेज ई-प्रोक्योमेंट पोर्टल पर दिनांक 4/5/2026 शाम 5 बजे से दिनांक 25/5/2026 शाम 5 बजे तक केवल ऑनलाइन खरीद सकते हैं.
4. ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर महत्वपूर्ण तिथियों के रूप में उल्लेखित निविदा प्रक्रिया तिथियां लागू होंगी.
5. ई-निविदा आमंत्रण सूचना में शुद्धि पत्र/ परिशिष्ट, यदि कोई हो केवल पोर्टल पर प्रकाशित किया जाएगा, समाचार पत्रों में नहीं.
6. ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल: https://www.mptenders.gov.in
7. सिंचाई कार्य हेतु निर्धारित समूह क्र. 1 से 9 में सम्मिलित स्थलों की जानकारी पोर्टल पर प्रकाशित निविदा दस्तावेज के अनुलग्नक 8 पर दर्शित है.

वनमंडलाधिकारी
पर्यावरण वानिकी वनमंडल
भोपाल

G12407/26

कार्यालय वन मंडल अधिकारी वन मंडल बैतूल (उत्पादन) म.प्र.

दूरभाष क्रमांक- 07141-234408, ई-मेल- dfopbetul@mp.gov.in

ई-निविदा सूचना

क्रमांक/स्टोर/2026/06 बैतूल, दिनांक 30/4/2026

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वन वृत्त बैतूल अंतर्गत उत्पादन वन मंडल बैतूल के परिक्षेत्रों/ काष्ठागारों के उपयोग हेतु वित्तीय वर्ष 2026-2027 (31 मार्च 2027) के उपयोग हेतु पुताई सामग्री, सेनेटरी सामग्री, टेंट किराया सामग्री, चेनलिंक फेंसिंग एवं बारबेट वायर तथा ट्यूबवेल खनन एवं अन्य कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैं. निविदा प्रपत्र की शर्तें एवं विस्तृत जानकारी हेतु मध्यप्रदेश की वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर लॉग-ऑन करें. निविदा प्रपत्र का मूल्य राशि रुपए 1000/- तथा सत्यंकार की राशि रुपए 24,000/- है. निविदा प्रपत्र ऑनलाइन ही क्रय किया जा सकेगा एवं निविदा ऑनलाइन ही प्रस्तुत करने पर मान्य होगी. निविदा का कुल मूल्य लगभग रुपए 8,00,000/- है. निविदा में किसी प्रकार का संशोधन होने की स्थिति में संशोधन की जानकारी वेबसाइट पर दी जाएगी. निविदा में किसी प्रकार का संशोधन होने की स्थिति में संशोधन की जानकारी वेबसाइट पर दी जाएगी.

क्र.	विवरण	दिनांक	समय
1.	Publishing Date	4/5/2026	निविदा ऑनलाइन प्रस्तुत करने तथा खोलने का समय वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर दर्शित है.
2.	Document Download/Sale Start Date	4/5/2026	
3.	Bid Submission Start Date	4/5/2026	
4.	Pre-bid Meeting	18/5/2026	
5.	Bid Submission Closing Date	25/5/2026	
6.	Bid Opening Date	28/5/2026	

विजेन्द्र खोब्रागड़े
(भा.व.से.)
वनमंडल अधिकारी
(उत्पादन) वनमंडल बैतूल

G12406/26